दलित लोगों से छुआछूत की घटना निंदनीय, आंदोलन की तैयारी

बीकानेर, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन बीकानेर जिला कमेटी की बैठक जिला उपाध्यक्ष मुखराम गोदारा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला सचिव बजरंग छींपा ने बताया कि अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन बगडिया ने बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में छुआछूत के मामले देखे जा रहे हैं।पूरे देश में अमृतकाल मनाने का नाटक हो रहा है जबकि नोखा तहसील के गांवो में दलित वर्ग के लोगों को अपने बाल कटाने के लिए भी 30-40-50 किलोमीटर दूर शहर में जाना पड़ रहा है। दलित वर्ग के लोगों के साथ बाल काटने के मामले में भारी छुआछूत किया जा रहा है। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन इस छुआछूत की कड़ी निंदा करती है और इस छुआछूत के खिलाफ जागरूक तबके व जनवादी ताकतों को आंदोलन की अगुवाई करने का आव्हान करती है।

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की बैठक में दलितों से अमानवीय व्यवहार पर चर्चा करते पदाधिकारी

बैठक में विभिन्न तहसीलों के तहसील सम्मेलन व सदस्यता की समीक्षा की गई तथा संगठन को गांव स्तर पर ले जाने का निणन्य लिया गया, ग्रामीण स्तर पर संगठन की इकाई बनाकर कार्य करने का निणन्य लिया गया। बैठक में जिला सचिव बजरंग छींपा, हनुमान लखुसर, महेंद्र बारूपाल, शेखर रेगर, मनोज भार्गव, लखन चौहान, पवन तलनिया, अरुर्ण , अनिल बारूपाल आदि ने भाग लिया। बैठक में निणन्य लिया गया कि अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन नोखा में दलित वर्ग के लोगों के साथ बाल कटिंग की छुआछूत के खिलाफ आंदोलन चलाएगी और छुआछूत को खत्म करने का कार्य करेगी।

भ्रमण पथ पर किया श्रमदान

बीकानेर टीम ऑवर फॉर नेशन द्वारा इस रविवार भी वरिष्ठ नागरिकों भ्रमण पथ सफाई अभियान चलाया गया. पार्क में स्तिथ जल मंदिर के पास

■ अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन बीकानेर जिला कमेटी की बैठक संपन्न

पानी की टंकी से पानी बहने के कारण काफ़ी कीचड़ हो रखा था. नाली से कचरा हटा कर पानी बहने का रास्ता सही किया गया. जगह जगह लगे कचरे के ढेरों को ट्रेक्टर ट्रॉली में डाला गया. डस्टबिन तो लगे हुए है पर कचरे से भरे पड़े थे, उन्हें खाली कर जगह पर व्यवस्थित किया. और भ्रमण पथ को झाड़ू लगा कर साफ़ किया गया.वहाँ भ्रमण करने आये लोग भी टीम के साथ सफाई अभियान में मदद करने लगे. सुधीश शर्मा, सुशील यादव, बसंत, मोह हसन, कपिला शर्मा, , माणक व्यास,डॉ,अतुल गोस्वामी डॉ, फारूक, वसीम राजा,गजेंद्र सरीन,रमेश उपाध्याय एवं भवानी सिंह राजपुरोहित शामिल थे।

कार की टक्कर से 2 महिला घायल

श्रीगंगानगर, जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय के नजदीक शाम के समय हंगामे की स्थिति बन गई जब एक स्विफ्ट गाड़ी ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी पर सवार महिलाओं को चोटें लगीं। प्रत्यक्षदशिर्यों के मुताबिक स्विफ्ट गाड़ी में तीन लोग सवार थे और नशे में लग रहे थे। टक्कर होने के बाद घटनास्थल पर काफी लोग इकट्ठे हो गए। भीड़ इकट्ठी होते देख कार में सवार लोगों ने मौके से निकलने की कोशिश की। इसी बीच पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची और बीच-बचाव का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस टीम ने एक-एक करके तीनों लोगों को मौके से निकाल दिया। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के कागजात भी एक अन्य गाड़ी में रख दिए गए। इसी बीच घायल युवतियों को एक अन्य कार में बैठाकर अस्पताल में भिजवा दिया गया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और लोगों के विरोध के बावजूद दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को क्रेन से उठाकर ले गए। इस संबंध में पुलिस से जानकारी लेने की कोशिश की गई लेकिन अधिकारियों ने फोन नहीं उठाए। उधर, मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम के वीडियो और फोटो ले लिए जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

सार-समाचार

दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 20 को

बीकानेर,। भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ तथा राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च को 'आजीवन अधिगम एवं एक स्वास्थ्य' विषयक एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के फैकल्टी हाउस के सेमिनार हाल में किया जाएगा। सेमिनार संयोजक तथा भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ (आईएईए) के एसोसिएट सचिव राजेंद्र जोशी ने बताया कि सेमिनार का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजुवास के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित होंगे। उद्घाटन सत्र के पश्चात तमिलनाडु के शिक्षाविद् तथा आईएईए के अध्यक्ष प्रोफेसर एल. राजा तथा मध्यप्रदेश के शिक्षाविद् तथा आईएईए के महासचिव लोकतंत्र सेनानी सुरेश खंडेलवाल का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेमिनार के दौरान दो मुख्य सत्र आयोजित होंगे। इनमें देश भर के शिक्षाविदों द्वारा विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। सेमिनार का समापन सत्र दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। इसके मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश होंगे। जोशी ने बताया कि सेमिनार में 16 राज्यों के लगभग 30 शिक्षाविदों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं। सेमिनार में अनुभवी शिक्षाविद् और आईएईए के पदाधिकारी भागीदारी निभाएंगे। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि 19 मार्च को बीकानेर पहुंचना शुरू हो जाएंगे।

किसान मेले का आयोजन 25 से

बीकानेर। कृषि विभाग एवं स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 25 से 27 मार्च तक किसान मेले का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की प्रसार निदेशक डॉ नीना सरीन और उपनिदेशक प्रसार डॉ राजेश कुमार वर्मा ने मेले की विस्तृत रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। सीईओ जिला परिषद सोहनलाल ने निर्देशित किया कि उक्त तीन दिवसीय मेले में अधिकाधिक किसानों की भागीदारी कृषि विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाए। आत्मा शाषी परिषद की ओर से पदेन पीडी श्रीमती ममता ने बताया कि कृषि, उद्यानिकी, नवाचार, बागवानी व पशुपालन में उन्नत कार्य करने वाले 3 प्रगतिशील किसानों का जिला स्तर और 21 प्रगतिशील किसानों का चयन पंचायत समिति स्तर पर किया गया है। जिनका अनुमोदन बैठक में किया गया। इस किसानों को किसान मेले में सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित किसान को 25 हजार और पंचायत समिति स्तर पर चनयित किसान को 10 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

डॉक्टर्स चेम्बर्स का उद्घाटन

बीकानेर । सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध पीबीएम के निश्चेतन विभाग मे शनिवार को ऑपरेशन थियेटर ए ब्लॉक में डॉक्टर्स के लिए चार चेम्बर्स का उद्घाटन प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने किया । इस अवसर पर अतिरिक्त प्राचार्य प्रथम एवं विभागाध्यक्ष निश्चेतन विभाग डॉ.अनीता पारीक ने बताया कि बढ़ते हुए कार्यभार को देखते हुए इन चेम्बरर्स की आवश्यकता हो रही थी, डॉ. अनीता ने कहा कि प्राचार्य डॉ. सोनी के प्रोग्रेसिव निणन्य के चलते मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के कार्य प्रगति की ओर गतिशील है। इस दौरान वरीष्ठ आचार्य एवं अधीक्षक एसएसबी अस्पताल डॉण् सोनाली धवन डॉ कीवी मंटन लक्ष्मी डा यूनुस खिलजीए डा नेहा एरोन डॉ् सीमा डॉ जिनेश सहित अन्य ओटी स्टाफ एवं मेडिकल स्टूडेट्स उपस्थित रहे।

ट्रस्ट के चुनाव 23 को

बीकानेर। श्री पुष्टिकरण पुरोहित भादाणी पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मंत्री पद पर चुनाव 23 मार्च को होगे। ट्रस्ट के संरक्षक नेमीचंद भादाणी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र जैन व मनोज भादाणी एडवोकेट ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। भादणी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के तहत रविवार से नामांकन फार्म देनै का कार्य शुरू कर दिया गया है। नामांकन 18 मार्च तक भरे जाएगे। 19 मार्च को नामांकन पत्रो की जांच और उसी दिन नाम वापस लियै जा सकेगे। आवश्यकता होने पर 23 मार्च को गोपेश्वर बस्ती स्थित भादाणी तलाई मे मतदान होगा और मतदान के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

बीकानेर। निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ानेए विधानसभा स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने बीएलए नियुक्ति मतदाता सूची में जेंडर रेशो और ईपी रेशो में सुधार सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए बीकानेर पूर्वद्ध विधानसभा के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी तथा उपखंड अधिकारी श्रीमती कविता गोदारा की अध्यक्षता में 17 मार्च को प्रात: 11.30 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक उपखंड अधिकारी कक्ष में आयोजित की जाएगी।

टेंडरों को एक्सटेंशन देने पर रोक लगी

बीकानेर, पीबीएम हॉस्पिटल में टेंडरों को एक्सटेंशन देने पर रोक लगा दी गई है। संभागीय आयुक्त के इस आदेश के बाद प्रशासन ने 15.70 करोड़ रुपए के 11 नए टेंडर जारी किए हैं। इनमें ऑक्सीजन सिलेंडरों की रिफिलिंग भी शामिल है। सिटी एमआरआई के टेंडर को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है।

पीबीएम हॉस्पिटल में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के तहत पुराने ठेकों को एक्सटेंशन देने पर रोक लगा दी गई है। नए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले चरण में नई मशीनें खरीदने सहित विभिन्न कार्यों के लिए 11 तरह के 15.70 करोड़ के टेंडर जारी किए हैं। यह सभी टेंडर 18 से 28 मार्च तक खुल जाएंगे। इनमें सबसे बड़ा 6 करोड़ का काम

■ 11 नए टेंडर जारी, सिटी एमआरआई पर फैसला नहीं

ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग का है, जिसे एक्सटेंशन देकर चलाया जा रहा था। उसके बाद प्रशासन ने रेट कांट्रैक्ट करते हुए काफी बदलाव किए हैं। दूसरी तरफ सिटी एमआरआई के टेंडरों को लेकर विवाद बना हुआ है। मामला उजागर होने के बाद मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक में संभागीय आयुक्त ने इसकी तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। इस संबंध में पीबीएम अधीक्षक और वरिष्ठ लेखाधिकारी ने उनके समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। साथ ही रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा।

अनूपगढ़ में पतरोडा में पहला महान गुरमत समागम

अनूपगढ़, गांव पतरोडा में रविवार को पहले महान गुरमत समागम का आयोजन हुआ। सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। समागम में अमृतसर से एसजीपीसी प्रचारक गुरविंद्र सिंह, घड़साना के अमरीक सिंह और लुधियाना से ढाडी जत्था भाई रिछपाल सिंह पमाल ने दीवान सजाया। सिख संतों ने गुरु ग्रंथ साहिब पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दशम पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में बैसाखी के दिन पंच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा पंथ की स्थापना की थी। कथा-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सिख गुरुओं की कुर्बानियों के बारे में जाना।

काश्तकारों की फसलें ओलावृष्टि से खराब, 6.92 करोड़ मुआवजा

बीकानेर पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील में 2153 काश्तकारों की 33 प्रतिशत से ज्यादा फसलें खराब हो गई। प्रशासन ने काश्तकारों के नुकसान पर सरकार से मुआवजा दिलवाने के लिए रिपोर्ट तैयार की है जिसके मुताबिक 6.92 करोड़ रुपए की आवश्यकता है।

फरवरी के अंतिम सप्ताह में बीकानेर जिले में जमकर ओलावृष्टि हुई। कटाई के लिए तैयार फसलों पर सफेद चार बिछ गई जिससे काश्तकारों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। ओलावृष्टि ने फसलें बर्बाद कर दीं। जिले के लूणकरणसर, बीकानेर, पूगल और बज्जू तहसीलों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ। सरकार की ओर से 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराबे पर ही काश्तकारों को आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। लूणकरणसर के तीन पटवार मंडल में ओलावृष्टि के कारण सबसे ज्यादा फसलें खराब हुईं। जिला प्रशासन की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट में लूणकरणसर में 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराब हुई। सरकार ने काश्तकारों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने के लिए जिला प्रशासन ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट मंगवाई। प्रशासन ने हल्का पटवारी और गिरदावरों की टीम मौके पर भेजकर रिपोर्ट तैयार करवाई। सामने आया कि लूणकरणसर के अलावा बीकानेर, पूगल और बज्जू तहसीलों में 15 से 25 प्रतिशत तक ही फसलें खराब हुईं। लूणकरणसर में 2153 किसानों को नुकसान हुआ है जिसमें प्रशासन ने नियमानुसार 6.92 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की आवश्यकता जताई है।

पटवार मंडल शेखसर के तीन गांव खोडाला, धीरदान और शेखसर में। पटवार मंडल नाथवाणा में गांव नाथवाणा, एक एलकेडी, 247-800 आरडी, कांकड़वाला, सहनीवाला, उदाना, भाडेरा, डेलाना बड़ा में। तीनों पटवार मंडल के शुरुआती सात गांवों में 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराबा हुआ है। बीकानेर तहसील में कतरियासर, रुणिया बास, नालबड़ी, धोलेरा, खारा, मालासर, डांडूसर। इन गांवों में 30 प्रतिशत से कम फसल खराबा है। पूगल तहसील में पटवार मंडल अमरपुरा, भानीपुरा, रावत आबादी, आशापुरा, शिवनगर। इन गांवों में 15 प्रतिशत से कम फसल खराबा है।

आयोजित होंगे विभिन्न शिविर

बीकानेर, । फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत मार्च के तीसरे सप्ताह विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी (भू अभिलेख) कविता गोदारा ने बताया कि बीकानेर तहसील के हेमेरा, सिंथल, गुसाईसर, स्वरूपदेसर, जलालसर और शोभासर में 17 से 19 मार्च तक, राजेरा, रिडमलसर पुरोहितान, आम्बासर और मोलानिया 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे। नोखा तहसील के सारुंडा, ढिंगसरी, किसनासर, धुपालिया, कक्कू, गजरूपदेसर और जेगला में 17 से 19 मार्च तक तथा सोमलसर, देसलसर, सलूंडिया, रातडिया, कुकनिया और दावां में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे। पूगल के अमरपुरा और कुम्हारवाला में 17 से 19 मार्च तथा सियासर और मेकेरी में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे। श्रीडूंगरगढ़ के पूनरासर, धीरदेसर चोटियां, कल्याणसर, उदरासर, सुरजनसर और जाखसर में 17 से 19 मार्च तथा तोलियासर, मोमासर, बिग्गा, मिंगसरिया, सोनियासर मीठिया और कितासर बीदावतान में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे।

अरोडवंश समाज के प्रवर्तक की मूर्ति स्थापित

अनूपगढ, अरोडवंश समाज के प्रवर्तक श्रीअरूट जी महाराज की मूर्ति स्थापना का भव्य समारोह रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बाबा राजीव कुमार बेदी और भजनी माता ने फीता काटकर मूर्ति का अनावरण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रात: 11:15 बजे श्रीअरूट जी महाराज की प्रतिमा की स्थापना की गई।

समारोह में समाज के वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। बुजुर्गों ने इसे समाज की संस्कृति और एकता को सहेजने वाला ऐतिहासिक क्षण बताया। दोपहर 12:15 बजे, बत्तरा धर्मशाला में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों समाजबंधुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अरोडवंश वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक कुशाल चुचरा ने समाजबंधुओं की विशाल उपस्थिति की सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन रमेश चुघ ने किया। आयोजन को सफल बनाने में तेजेंद्र धुआ, दीपक चुघ, संदीप कामरा, मोहित बजाज, साहिल कोचर समेत कई पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। समारोह में उपस्थित लोगों ने इसे समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक बताया। युवाओं ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भविष्य में इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रभुदयाल नागपाल, भजन कामरा, डोगर सिंह कामरा, पार्षद राजू चलाना, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, दीपक बवेजा, सुखविंदर मक्कड़, राजीव डांग, पुरुषोत्तम आहूजा, डॉ. भुवनेश छाबड़ा, राजीव बेदी, सोहनलाल नागपाल, राकेश प्रणामी, प्रतिष्ठित बुजुर्ग महिला भजनी देवी छाबड़ा, गरिश चराया, अरोड़वंश महिला विंग की अध्यक्ष रेखा किनरा, पवन नागपाल, साहिल कामरा, अजय चुघ, सन्नी खुराना, कपिल चलाना, नरेंद्र (उर्फ डब्बू) छाबड़ा, घनश्यामदास चुघ सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

पिता को बचाया तो भाई पर हमला

अनूपगढ़, भाई-भाई के रिश्ते को तार-तार करने वाली एक घटना अनूपगढ़ के गांव 6 एमएसआर से सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपने ही सगे भाई पर उसके पिता और खुद पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है।

पीडित पेमा राम (42) पुत्र सोना राम ने अनूपगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। बताया कि देर रात करीब 10 बजे उसका छोटा भाई जीतराम (28) उसके पिता सोना राम से गाली-गलौच कर रहा था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि जीतराम ने अपने ही पिता का गला दबा दिया।

पेमा राम के मुताबिक जब उसने पिता को बचाने की कोशिश की तो वह किसी तरह मामला शांत कराकर अपने घर चला गया। लेकिन थोड़ी देर बाद ही जीतराम लोहे की राड़ लेकर घर में घुस आया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पेमा राम ने बताया कि जीतराम ने सिर पर वार किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद उसके पिता और बेटे नंदू ने किसी तरह उसे निजी वाहन से अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

सुमित का किया सम्मान

मुकलावा । बज्जू हिरण शिकार प्रकरण में शिकारियों का मुकाबला करने वाले जीव रक्षक सुमित बिश्नोई को गुरु जंभेश्वर गोशाला मुकलावा व 2 टीके बस स्टैंड पर जीव प्रेमियों ने सम्मान किया। सुमित ने अपनी जान जोखिम में डालकर सबसे पहले शिकारियों को रोका था। वहीं, अन्य जीव प्रेमियों व पुलिस प्रशासन को सूचना देकर शिकारियों को पकड़वाया था। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर गोशाला अध्यक्ष राजेश मांझू, सुशील डुडी, अनिल जांगू, विनोद कड़वासरा, श्रीकृष्ण कड़वासरा, राजेंद्र भादू, जम्भेश्वर मदिर प्रधान अरविंद कड़वासरा, विनोद थालोड़, सुधीर धारणिया, प्रदीप खीचड़ व सुखदीप सिंह संधू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अनूपगढ़ में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग

अनूपगढ। रेल विकास समिति ने रविवार को स्टेशन मास्टर के माध्यम से डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। समिति ने क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार की कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। समिति के प्रवक्ता ओम चुघ ने बताया-तिलकब्रिज दिल्ली से भिवानी तक चलने वाली रेलगाड़ी (14737-14738) का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाए। यह गाड़ी एक अतिरिक्त रैक के साथ संचालित की जा सकती है। इसका अनुरक्षण दिल्ली में ही होता है, इसलिए अनूपगढ़ में कोई अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता नहीं होगी। सुखविंद्र सिंह मक्कड़ ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सरूपसर के पास 1 किलोमीटर रेल लाइन बिछाकर रेल बाईपास बनाया जाए। इससे अनूपगढ़ को जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर से सीधा जोड़ा जा सकेगा। जलन्धर सिंह तूर और अजीत सिंह धंजू ने बठिंडा-सूरतगढ़ रेलगाड़ी (59711) का पुराना समय बहाल करने की मांग की।

होली सन्ह मिलन समारोह आयोजित

नोखा। नोखा के तहसील परिसर स्थित श्री अकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में होली की रामाशामा के दिन शनिवार 15 मार्च की रात्रि में जन अधिकार सेना व अंकेश्वर महादेव परिवार की ओर से मंदिर प्रभारी लालचन्द उपाध्याय के सानिध्य एवं दिनेश सिंह राजपुरोहित की अगुवाई में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ । सर्व प्रथम हर रोज की भांति रात्रि 8 बजे भगवान महादेव की विधि विधान मंत्रोचार के साथ दुग्ध अभिषक के पश्चात पंचामृत, घृत, मधू, दाधी, चन्दन, पुष्प, अबीर, गुलाल, विजया, धूप, दीप, नेवदय, फल आदि विभिन्न सामग्रियों से पूजा अर्चना की व महा आरती के बाद महा प्रसाद मिष्ठान रसगुला, दही बड़ा आदि का महादेव को भोग लगाया जाने के बाद शिव भक्तों ने इस महा प्रसाद अल्पहार का लुफ्त उठाया। इस दौरान अंकेश्वर महादेव परिवार टीम के दिनेश सिंह राजपुरोहित, टीम अध्यक्ष एवं जन अधिकार सेना प्रदेश सचिव ओमप्रकाश राठी, सुरेश कुमार झंवर, ललित चितलंगी, मोहित जोशी ओमप्रकाश पारीक, इन्द्रचन्द्र मोदी, विजय मारू, जयकरण चारण, बाबूलाल साध, हरी पारीक, उमेश राठी, मालचंद सेवग,राधे सोनी, रवि सेवग, श्याम सोनी, पूनमचन्द झंवर,घनश्याम छिपा, कैलाश, जन अधिकार सेना प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल सारस्वत सहित शिवभक्तों ने भगवान महादेव की पूजा व स्नेह मिलन का आनन्द लिया।

बीकानेर सेवा योजना द्वारा श्रमदान करके गायों की खेलियां साफ की

बीकानेर, बीकानेर सेवा योजना द्वारा रविवार 16 मार्च सुबह 9 बजे स्याऊ बाबा भेरुजी नाल रोड पर गायों की खेलियों की सफाई की जाएगी स बीकानेर सेवा योजना क़े अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने बताया पिछले दिनों संस्था की बैठक में आगामी कार्यक्रम घोषित अनुरूप इस कार्यक्रम को श्रमशक्ति क़े माध्यम से अंजाम दिया जायेगा स योजना क़े महामंत्री छोटूलाल चुरा ने बताया सरे नत्थानिया गोचर में अत्यधिक पशुधन होने क़े कारण इस क्षेत्र में अच्छी खासी तादात में पशुधन है और अच्छी खासी सख्या में पशुओं की खेलिया भी है स पिछले दिनों हुई बैठक में सर्व राजकुमार व्यासए योगेश बिस्साए रामलाल पवार इंजी वीरेंद्र राजपुरोहित पवन राठी राधा पुरोहित छोटूलाल चुरा क़े अलावा अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मती से निणन्य लिया

इसके अलावा ध्राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर 17 मार्च से विद्यालयों का समय 10 से 4 में परिवर्तन कर एक पारी विद्यालयों का समय सुबह का रखने का शिविरा पंचांग में संशोधन का आग्रह किया है।

संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने बताया कि संगठन के महामंत्री महेंद्र लखारा की और से लिखे गए पत्र में अवगत करवाया गया है कि वर्तमान में राजस्थान प्रदेश में मार्च के महीने में ही 40 डिग्री सेल्सियस के पार तापमान चल रहा है। राजस्थान के अधिकतर हिस्से में लू जैसी स्थिति बन रही है। तपती धूप में आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थिर्यों को विद्यालय में आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। अधिकांश विद्यालयों में तेज धूप से बचाव के लिए पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं।

बीकानेर सेवा योजना के सदस्यों ने खेलियां साफ की।

गौ रक्षा के लिए बिशनेई मंदिर में जुटे हजारों श्रद्धालु

सूरतगढ़ । हम सब सनातन हिंदू हैं, हमारी संस्कृति जीव का कल्याण कर देने वाली संस्कृति है। यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हम हिंदुस्तान में रहते हैं। सनातन धर्म के हिंदू हैं। यह उद्गार सूरतगढ़ के बिश्नोई मंदिर परिसर में भजन संकीर्तन एक कार्यक्रम में पधारे संतों ने कहीं। बाल संत भोले बाबा के सानिध्य में रविवार को बिश्नोई मंदिर प्रांगण में भजन संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज, संत कृष्ण दास, संत विद्यासागर, संत आकाश मुनि तथा संत दयानाथ महाराज ने सत्संग और प्रवचन किए। संतों ने कहा कि देवताओं ने हमारी गौमाता की रक्षा की। देश की संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा अगर करनी है तो गाय को बचाओ। आज हमारे वर्तमान समय में गौ माता की बड़ी दुर्दशा हो रही है। दूध पीकर के गाय का और जब बूढी हो जाती है तो घर से निकाल देते हैं।

आंदोलन पर होगी चर्चा

श्रीगंगानगर। एमएसपी सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहें कसान आंदोलन के तहत 21 मार्च को नई धानमंडी के ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने आंदोलन के बारे में जानकारी दी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- ult_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 13.3.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में व्यावसायिक भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 16 में भूखण्ड सं. जी-50 माप 25'-0'' गुणा 40'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री सरजीत सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी 82 रूपनगर तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पटटा सं. 3947 दिनांक 28.10.2014 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री सरजीत सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी 82 रूपनगर तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पटटे के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 16 में भूखण्ड सं. जी-50 माप 25'-0'' गुणा 40'-0'' फीट का नियमन पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 14167909 – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- ult_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 13.3.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में व्यावसायिक भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 16 में भूखण्ड सं. जी-51 माप 25'-0'' गुणा 40'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री सरजीत सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी 82 रूपनगर तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पटटा सं. 3946 दिनांक 28.10.2014 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री सरजीत सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी 82 रूपनगर तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पटटे के आध